Manvik®
DOOR AND WINDOW FRAME

# इंस्टॉलेशन गाइडलाइंस


**Installation Guidelines**

चौखट एवं खिड़की
(Door & Window Frames)


## चौखट (Door Frame Installation)





चौखट की लॉक वाली साइड हमेशा कमरे के अंदर की ओर रखें, ताकि उपयोग में कोई असुविधा न हो।





चौखट के ऊपरी हिस्से को फिक्स करने से पहले लेवलर से उसका स्तर जांचें और फिर ही फाइनल फिक्सिंग करें।





चौखट को खड़ा करने से पहले सुनिश्चित करें कि नीचे की सतह बेस लेवल पर हो और चौखट को साहुल में सही तरीके से स्थापित किया जाए।




चौखट को साहुल में सेट करने के बाद, चारों तरफ के सपोर्ट एरिया में ठीक प्रकार से फिलिंग (मसाले से भराई) करें, ताकि स्थायित्व बना रहे।





चौखट पर लगाया गया सीमेंट या मसाला चिपका न रहे , इसे इंस्टॉलेशन के साथ-साथ या एक-दो दिन के अंदर साफ कर देना चाहिए।





सेफ्टी के दृष्टिकोण से, लैंटर खोलते समय चौखट पर कोई वस्तु न गिरे और न ही किसी अन्य वस्तु से टकराए।


## खिड़की (Window Installation)





खिड़की के निचले हिस्से में बजरी, रेत, सीमेंट और क्रशर मिश्रण से मसाले की भराई इंस्टॉलेशन से एक दिन पहले कर लें।





खिड़की में दो ट्रैक बाहर और एक ट्रैक अंदर की तरफ लगाएं, और ध्यान रखें कि ड्रेनेज ट्रैक हमेशा बाहर की ओर हो।





Rain Water Hole नीचे की तरफ और बाहर की ओर होना चाहिए ताकि जल निकासी में रुकावट न आए।




खिड़की को खड़ा करने से पहले सुनिश्चित करें कि नीचे की सतह  लेवल पर हो और खिड़की को साहुल में सही तरीके से स्थापित किया जाए।





खिड़की के ऊपरी हिस्से को फिक्स करने से पहले लेवलर से उसका स्तर जांचें और फिर ही फाइनल फिक्सिंग करें।





मसाले को धीरे-धीरे और सावधानीपूर्वक भरें। जबरदस्ती दबाकर न भरें, जितनी जगह हो उतना ही फिल करें।


## सामान को उतारते समय ध्यान रखने योग्य बातें



खिड़की और फ्रेम को हमेशा सीधा और सावधानीपूर्वक उतारें। किसी भी स्थिति में फ्रेम का कोना ज़मीन से न टकराए, क्योंकि कोने के क्षतिग्रस्त होने पर अंतिम रूप (फिनिशिंग) में खामियां आ सकती हैं



फ्रेम के कोनों पर लगी सॉफ्ट फोम सुरक्षा को हटने न दें। उसे केवल फाइनल इंस्टॉलेशन के बाद ही निकालें, ताकि कोनों की सुरक्षा बनी रहे।



निर्माण और फिनिशिंग कार्य पूर्ण होने तक फ्रेम की प्रोटेक्शन फिल्म को न हटाएं, ताकि उसकी सतह को स्क्रैच से बचाया जा सके।

## ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बातें
### (Important Points)

- चौखट को हमेशा साहुल में सटीक रूप से खड़ा करें।
- चौखट के ऊपर वाले हिस्से पर पक्का RCC सपोर्ट ज़रूर दें, जिससे ढांचा मजबूत और टिकाऊ बना रहे।
- खिड़की के ऊपर कोई भी भारी वस्तु न रखें या गिरने न दें।
- सुनिश्चित करें कि उसमें किसी भी प्रकार की झुकाव / टेढ़ापन न हो।
- लगाने के बाद एक बार अच्छे से जांच लें, ताकि सब कुछ ठीक से और सही लगा हो।
- इंस्टॉलेशन प्रक्रिया के दौरान निरंतर निरीक्षण करते रहें।
- हॉल पास को दीवार के मध्य में ठीक प्रकार से स्थापित करें और आवश्यकतानुसार उसे घुमा कर मजबूती से फिक्स करें।
- चौखट और खिड़की पर लगे मसाले या सीमेंट को इंस्टॉलेशन के साथ या एक-दो दिन के भीतर नियमित रूप से साफ करते रहें।

**Note** सही लेवलिंग, उचित सफाई, और क्रमबद्ध तरीके से की गई स्थापना से फ्रेम एवं खिड़की की मजबूती और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित होता है।

**Transform Your Space With
Manvik's Innovative Door Frames & Windows**

manvikdoorframes.com